हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

जल संचय में देश में 8वें स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

वर्षा जल को सहेजने और उसे धरती के भीतर पहुंचाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बलौदाबाजार- भाटापारा ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जल शक्ति मंत्रालय के 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान के तीसरे चरण में जिला ने देश के शीर्ष 10 जिलों में स्थान बनाकर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे नवाचारों, सामुदायिक सहभागिता और जनभागीदारी आधारित प्रयासों की जानकारी राष्ट्रीय मंच पर साझा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले में जल संरक्षण को केवल निर्माण कार्यों तक सीमित न रखते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया गया है। प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों की सहभागिता से जल संचयन एवं भू-जल पुनर्भरण की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया गया है।

जनभागीदारी बना जल संरक्षण का प्रभावी मॉडल

जिले में 2,46,488 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, लगभग 5,146.30 लाख लीटर जल संचयन क्षमता तथा 10,78,911 लोगों की प्रत्यक्ष भागीदारी दर्ज की गई है। अभियान का विस्तार 736 गांवों, 519 ग्राम पंचायतों और 9 नगरीय क्षेत्रों तक किया गया है। इस अभियान के तीसरे चरण मे जिला बलौदाबाजार -भाटापारा देश मे 8 वे स्थान पर हैं।

2 लाख 46 हजार वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण



पीएम आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर

जिले में प्रधानमंत्री आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी एवं चेकडैम निर्माण, खेत एवं सामुदायिक जल संरचनाएं, नाला उपचार, गैबियन संरचनाएं तथा अन्य भू-जल रिचार्ज गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवासों के साथ रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को जोड़कर जल संरक्षण को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।



गांव का पानी गांव में की अवधारणा

जिला प्रशासन की रणनीति का महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा है कि जल संरक्षण को "हर घर पानी घर में, मोहल्ले का पानी मोहल्ले में, खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में" की अवधारणा से जोड़ा गया। जन-जागरूकता के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जल चौपाल, रैलियां, रंगोली, दीप प्रज्वलन, महिला समूहों की गतिविधियां और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनचेतना विकसित हुई। राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान जिले में प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। देश के शीर्ष 10 जिलों में बलौदाबाजार-भाटापारा का शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय संसाधनों, नवाचार और जनभागीदारी के समन्वय से जल सुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी एवं अनुकरणीय मॉडल विकसित किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

बच्चों से अननेचुरल सेक्स करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। शहर के महारानी चौक में आयोजित मेले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मेले में खिलौने उठाने की बात पर मेला संचालक गोवर्धन वर्मा ने दो नाबालिग बच्चों पर चोरी का आरोप लगाते हुए उनके साथ बेदर्दी से मारपीट की और गंभीर यौन उत्पीड़न की घटना को अंजाम दिया।घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी मेला संचालक गोवर्धन वर्मा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित बच्चों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और घटना से जुड़े साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित सुसंगत व कठोर धाराओं (पॉक्सो एक्ट सहित) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अवैध शराब का परिवहन 3 को 1-1 साल की सजा

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की प्रभावी विवेचना और वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन के चलते अवैध शराब परिवहन के मामले में तीन आरोपियों को न्यायालय ने दोषी ठहराया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिमगा न्यायालय ने आरोपी राजकुमार साहू, अक्षय कुमार निषाद और भुनेश्वर यादव को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दोषसिद्ध करते हुए एक-एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 25-25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं चुकाने पर आरोपियों को आठ-आठ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार यह मामला थाना सुहेला क्षेत्र का है। पुलिस टीम को मुखबिर से ग्राम पड़कीडीह पानी टंकी के पास अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी। इसके बाद घेराबंदी कर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-04-सीई-7324 को रोका गया। तलाशी के दौरान दो थैलों से 213 पाव (38.340 बल्क लीटर) गोवा व्हिस्की बरामद की गई। आरोपियों के पास शराब ▶▶ शेष पेज 10 पर

समस्या : हादसों को न्योता दे रहे गड्ढे, उड़ने वाली धूल से बढ़ी परेशानी

रिसदा-सुहेला-हथबंध मार्ग बदहाल, भारी वाहनों से बने जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के बीच रिसदा-सुहेला-हथबंध मार्ग की बदहाली अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी औद्योगिक वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क की स्थिति और खराब हुई है, लेकिन मरम्मत के नाम पर मामूली पेचवर्क तक नहीं कराया जा रहा है। क्षेत्र में कई बड़े सीमेंट संयंत्र संचालित हैं और उनके आसपास के गांवों को गोद ग्राम के रूप में विकसित करने तथा स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों के लिए डीएमएफ और सीएसआर मद से राशि खर्च किए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि सड़क जैसी बुनियादी ▶▶ शेष पेज 10 पर



धूल-धुएं के बीच सुरक्षित सड़क की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि औद्योगिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ा है। ऐसे में सड़क की नियमित मरम्मत और रख-रखाव जरूरी है। उनका आरोप है कि उद्योगों की गतिविधियों से होने वाली परेशानी के बावजूद प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल सड़क का निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही डीएमएफ और सीएसआर मद से क्षेत्र में स्वीकृत एवं खर्च की गई राशि का सार्वजनिक ब्योरा सामने लाने की मांग भी उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग

रिसदा-सुहेला-हथबंध मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, किसान और अन्य राहगीर आवागमन करते हैं। गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है।

जर्जर गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर चलना दूभर

गिधौरी। गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग अत्यंत जर्जर और जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति मिलने के बावजूद ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने से जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। बीते दो वर्षों से सड़क की बदहाली का दंश झेल रहे ग्रामीणों व राहगीरों के लिए इस मार्ग पर आवागमन करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। सड़क की हालत इस कदर खस्ताहाल है कि पैदल चलना तो दूर, चार पहिया वाहन भी गड्ढों में फंस रहे हैं। भारी वाहनों के गुजरते ही पहिए हवा में लटक जाते हैं और गाड़ियां पलटने की कगार पर पहुंच जाती हैं। आए दिन ट्रक बीच सड़क पर खराब हो रहे हैं, जिससे चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं बाइक सवार, ई-रिक्शा चालक दलदल में फंस रहे हैं और कई राहगीर गिरकर चुटैल हो चुके हैं।



जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते सड़क की स्थिति गांव की पगडंडी से भी बदतर हो गई है। लगातार शिकायत और जानकारी देने के बावजूद विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। नेताओं और मंत्रियों की चुप्पी पर भी क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन-प्रशासन की इस ढिलाई के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, हादसे में 27 घायल, 2 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

गिरौदपुरी धाम दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन गुरुवार 3 सिंतम्बर को हादसे का शिकार हो गई। नेशनल हाईवे 130-बी पर सेल और छांछी के बीच मोड़ के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवार थे, जो की नांदघाट से गिरौदपुरी धाम दर्शन के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान मोड़ के पास स्टेरिंग फेल होने की वजह से चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया और पिकअप पलट गई।

- घायलों का सीएचसी कसडोल में इलाज जारी





दो घायल जिला अस्पताल रेफर

घायलों में से 2 लोगों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फिलहाल अन्य घायलों का इलाज कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

दुर्घटना में वाहन सवार 27 श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी सामने आई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय स्तर पर मदद पहुंचाई गई और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कसडोल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों की टीम द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। तो वही डाक्टरो का कहना है की घायलों का ईलाज जारी है। घायलों की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। घटना के बाद मौके पर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया गया।

नौकरी के नाम पर ठगी, जेल में बंद प्रणव पर एक और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में जेल में बंद पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए लेने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने प्रणव अवस्थी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बैंक लेन-देन, मोबाइल और व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं। एफआईआर के अनुसार महासमुंद जिले के ग्राम खेमड़ा निवासी कलश राम ध्रुव की अप्रैल 2026 में प्रणव अवस्थी से ▶▶ शेष पेज 10 पर



हरिभूमि सरोकार

90 लाख के कथित फर्जी वर्क ऑर्डर की भी चर्चा

इधर, प्रशासनिक हलकों में करीब 90 लाख रुपए के एक और कथित धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचना की चर्चा सुनाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार पंचायत विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी के कथित जाली हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर जिले के विभिन्न गांवों के सरपंचों को विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए राशि आवंटित किए जाने का प्रलोभन दिया गया। इसी आधार पर कथित तौर पर फर्जी वर्क ऑर्डर जारी किए गए और वर्क ऑर्डर में दर्शाई गई राशि के अनुसार सरपंचों से एडवांस कमीशन लिए जाने की बात कही जा रही है।

सिमगा में 6 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

मिली जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को थाना सिमगा एवं सायबर सेल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लांजा निवासी नेपाल जोशी पिता होरीलाल जोशी, उम्र 38 वर्ष अपने घर में बिक्री के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्राम लांजा में आरोपी के मकान पर दबिश दी गई। घर की तलाशी लेने पर उसके कमरे से एक प्लास्टिक बोरी में 05 अलग-अलग पैकेटों में रखा 6.761 किलोग्राम 6 किलो 761 ग्राम अवैध गांजा कीमती 50 हजार रुपए बरामद हुआ। साथ ही आरोपी के कब्जे से अवैध गांजा परिवहन में प्रयुक्त होंडा एसपी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एजी 9165, कीमती 55 हजार रुपए तथा एक ओप्पो



मोबाइल कीमती 12 हजार रुपए कुल जुमला कीमती 1,17,000/- विधिवत जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह उड़ीसा राज्य से गांजा खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल से लाया था और घर में रखकर बिक्री कर रहा था। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजने की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण में संलिप्त अन्य सह-आरोपी की तलाश जारी है।

आधी रात जन्मेंगे नंदलाल, निकलेंगी आकर्षक झांकियां

जन्माष्टमी आज, गूंजेगा जय कन्हैया लाल की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तिल्दा-नेवरा शहर पूरी तरह कृष्णमय हो गया है। शहर के प्रमुख राधा-कृष्ण मंदिरों को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक झांकियों से सजाया गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। जगह-जगह भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकरआज बाजार में भीड़ रही ..कान्हा को सजाने लोग खरीदारी करते रहे। जन्माष्टमी का मुख्य आकर्षण रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के ▶▶ शेष पेज 10 पर



पंचायती राधा-कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन की धूमः नेवरा स्थित पंचायती राधा-कृष्ण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है, जो भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव तक चलता रहेगा। श्याम भक्त दीनानाथ अग्रवाल एवं भीकमचंद मुनका ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं।

स्टेशन चौक मंदिर में दिखेगी मथुरा-वृंदावन की झलक

स्टेशन चौक, केसरवानी मोहल्ला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। यहां मथुरा-वृंदावन की झलक प्रस्तुत करती विशेष सजावट के साथ कई आकर्षक झांकियां तैयार की गई हैं। दोपहर और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। मंदिर परिवार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। मंदिर परिवार के दुर्गेश नशीने ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर विशेष सजावट और झांकियों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आर्थिक सहायता और नौकरी की मांग पर काम बंद कर अड़े मजदूर

सीमेंट संयंत्र में कर्मचारी की मौत, मजदूरों ने बंद किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

ग्राम रिसदा स्थित सीमेंट संयंत्र में गुरुवार को काम के दौरान एक कर्मचारी की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम ढनढनी निवासी गिरधर लाल रजक के रूप में हुई है। वे संयंत्र में प्रोसेस अटेंडर के पद पर कार्यरत थे। घटना के बाद मजदूरों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने काम बंद कर दिया। जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे गिरधर लाल रजक संयंत्र में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वे वहीं बैठ गए। कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि



मृतक के परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन ऐटा के नेतृत्व में मजदूरों ने काम बंद कर दिया। यूनियन अध्यक्ष गुहतराम कोटरे और महासचिव जगमोहन घृतलहरे ने बताया कि कर्मचारी की कार्यस्थल पर अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हुई है। उन्होंने मृतक के परिवार को उचित राहत राशि देने तथा परिवार के एक सदस्य को संयंत्र में नौकरी देने की मांग की है। मजदूरों का कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए प्रबंधन को संवेदनशीलता के साथ उनकी मांगों पर निर्णय लेना चाहिए। मांगों को लेकर श्रमिक संयंत्र प्रबंधन के समक्ष डटे रहे। समाचार लिखे जाने तक संयंत्र प्रबंधन के अधिकारियों, तहसीलदार और मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के बीच बैठक और बातचीत का दौर जारी था।

खबर संक्षेप



गुलाब डड़सेना ने संभाला पदभार

बिलाईगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में गुलाब डड़सेना ने बुधवार को जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं सहायक संचालक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू से सौजन्य भेंट कर शासन की योजनाओं, विकास गतिविधियों और प्रशासनिक पहलों के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। डड़सेना ने कहा कि जनसंपर्क शासन और जनता के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी है। उनका प्रयास योजनाओं की जानकारी सरल, तथ्यपरक और समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुंचाना रहेगा। डड़सेना को जनसंपर्क विभाग में लंबा अनुभव है। उन्होंने 2012 से 2025 तक कबीरधाम तथा करीब 11 माह रायगढ़ में सेवाएं देते हुए 1200 से अधिक समाचारों के संपादन-प्रकाशन में योगदान दिया।

जन्माष्टमी पर आज हिरमी में मटकी फोड़ व खेलकूद स्पर्धा

हिरमी रावन। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आज हिरमी सहित आसपास के गांवों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पर्व को लेकर ग्रामीण अंचल में उत्साह का माहौल है। गांवों में मंदिरों एवं चौक-चौराहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहेगी। युवाओं की टोलियां मटकी फोड़ने के लिए उत्साह के साथ हिस्सा लेंगी। इसके अलावा बच्चों एवं युवाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक स्पर्धाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

अपार आईडी, एफएलएन और ग्रीन स्कूल एजेंडे पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला शिक्षा अधिकारी केएस मेरावी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा ने विकासखण्ड बलौदाबाजार के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा, समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों का पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय बलौदाबाजार में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न एजेन्डाओं पर समीक्षा बैठक लिया गया।

प्रमुख रूप से प्रशस्त एप, स्वच्छ एव हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाने की समीक्षा, नशा मुक्त विद्यालय की जानकारी, एमबीयू वैलिडेशन जानकारी, अपार आई डी की जानकारी, बालवाड़ी की जानकारी, आईसीटी योजना की जानकारी, यूडाइस की जानकारी, विद्यार्थियों की जीपी में एन्ट्री की जानकारी, शिक्षकों की प्रोफाईल एन्ट्री, स्कूल प्रोफाईल एन्ट्री, ड्राप बाक्स में बच्चो को इम्पोर्ट करना संबंधी सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों से जानकारी प्राप्त की गई।समीक्षा बैठक में सहायक कार्यक्रम समन्वयक खिलावन वर्मा, प्रोग्रामर नवीन वर्मा, शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के सभी प्राचार्य एवं सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहें।

जिले में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



बैठक के प्रमुख बिंदु एवं समीक्षा एजेंडा

साथ ही जेम पंजीयन की जानकारी पर चर्चा, एसएनए स्पर्श पर चर्चा, आईसीटी योजना, रंगाई पोताई, निरीक्षण पर चर्चा, वीएसके, नवीन वर्जन पर चर्चा, लईका चिन्हारी एप सीडब्ल्यूएस एन बच्चों के सर्वे पर चर्चा, एफएलएन कीट का नियमित उपयोग पर चर्चा, एफएलएन को सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्राप्ति के लक्ष्य परचर्चा, एफएलएन पुस्तक स्कैनिंग 100 प्रतिशत पूर्ण करना (अभ्यास पुस्तक), रचनात्मक लेखन पर चर्चा, पुस्तक स्कैनिंग 100 प्रतिशत पूर्ण करना, एफएलएन के अंतर्गत मुस्कान पुस्तकालय को सक्रिय करना, प्रतिमाह चर्चा पत्र को डाउनलोड करके पढना, एफएलएन के अंतर्गत शनिवार बैग लेशडे मनाये जाने संबंधी चर्चा की गयी। सभी संकुल प्राचार्यो एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शालाओं का नियमित निरीक्षण कर राज्य एवं जिले द्वारा चाही गयी वांछित जानकारी समय समय पर उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया गया।

समस्या : बदहाल शौचालय से छात्राएं परेशान

जर्जर भवन और टपकती छत के नीचे पढ़ने को मजबूर मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के कसडोल जनपद पंचायत अंतर्गत संकुल हसुवा के ग्राम नवापारा (धमलपुर) स्थित प्राथमिक स्कूल का भवन वर्षों पुराना होने के कारण बदहाली के आंसू बहा रहा है। स्कूल की छतें टपक रही हैं और दीवारें काफी कमजोर हो चुकी हैं। हादसे के डर से शिक्षकों को बच्चों को बरामदे में बिठाकर पढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्कूल भवन के साथ-साथ शौचालयों की स्थिति भी बदतर है। पानी, बिजली की कमी और टूट-फूट के कारण शौचालय इस्तेमाल के लायक ही नहीं बचे हैं। गंदगी के आलम के चलते बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छात्राओं को हो रही है, जिन्हें मजबूरी में या तो बाहर जाना पड़ता है या फिर बीच में ही पढ़ाई छोड़कर घर लौटना पड़ता है।





प्रशासनिक दावों की खुली पोल

स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग और प्रशासन समय-समय पर मरम्मत के दावे तो करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव और जर्जर ढांचे के कारण मासूम बच्चों की सुरक्षा पर हर वक्त खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल नए भवन के निर्माण व शौचालयों के जीर्णोद्धार की मांग की है।

पीएम आवास योजनाः लेवल तक काम पूरा, फिर भी नहीं मिली दूसरी किस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



सरकार ने गरीबी रेखा के निचे जीवन यापन करने वाले परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना निकाली हैं। जो गरीबों के लिए राहत महसूस हो रहा है। जो जनहित में है। और स्वागत योग्य है। लेकिन सरकार के सोच के अनुसार जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कार्य नहीं कर रही है। जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बिलाईगढ के आश्रित नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में देखने को मिल रहा है। सत्र 2025-26 में फूल बाई पति शिवनाथ साहू के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। जिसका प्रथम किस्त 14 मई को खाता में राशि आया था और उसी राशि से मकान को लेन्टर लेबल तक कार्य पूर्ण कर चुके हैं। और अब तक मकान के चार बार फोटो खींचा जा चुका है। फिर भी आज पर्यन्त तक द्वितीय किश्त अप्राप्त है। उसके बाद भी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बिलाईगढ़ से नोटिस जारी हुआ था। कि अब तक मकान क्यों नहीं बनाए? तो हितग्राही ने लिखित में जवाब दिया कि हमने लेन्टर लेबल तक कार्य पूर्ण कर चुके हैं। लेकिन आज तक द्वितीय किस्त प्राप्त नहीं हुआ है। जिसको सुनकर अनुविभागीय अधिकारी ने गंभीरता लेते हुए जनपद पंचायत मुख्यालय के आवास शाखा के कर्मचारी विद्यासागर साहू को जांच करने के लिए आदेशित किया और तत्काल आदेश को पालन करते हुए। तुरंत जांच करने आए और जांच कर चले गए। जब मोबाईल से सम्पर्क करने पर यही जवाब देता था। कुछ दिनों के बाद में खाता में राशि आ जाएगा। लेकिन अब तक खाता मे राशि नहीं आया है। हितग्राही ने आरोप लगाया कि विद्या सागर साहू ने आवास मित्र को बोला था कि बिना पैसा के जियो टेक मत करना। अंत मे थक हार कर फूल बाई साहू हितग्राही ने कलेक्टर महोदय के जनदर्शन में पहुंचकर लिखित में आवेदन दिया है। टोकन क्रमांक 2310126003680, मिली जानकारी अनुसार पता चला है कि दुल चंद पिता अर्जून साहू, लूकेश्वर पिता तीहारु साहू, फिरंगी पिता शिवलाल साहू ने भी कलेक्टर जनदर्शन में द्वितीय किश्त मांग के लिए आवेदन दिए है। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ था।

- पीड़ित हितग्राही पहुंचीं कलेक्टर जनदर्शन

शिविर में विद्यार्थियों के बने आय

तिल्दा-नेवरा में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की जगी

निधन

उर्मिला साहू



बलौदाबाजार। ग्राम संकरी निवासी उर्मिला साहू (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 3 सितंबर को ग्राम संकरी स्थित मोक्षधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे वरिष्ठ दस्तावेज लेखक राजाराम साहू की धर्मपत्नी थीं। वे परस राम साहू (संचालक, साहू फोटो कॉपी सेंटर, सिविल लाइन), भानु प्रताप साहू (दस्तावेज लेखक) एवं कौशल प्रसाद साहू (अधिवक्ता एवं ट्रस्टी, गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार) की माता थीं।

जाति व निवास प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



कलेक्टर रायपुर के निर्देशानुसार तहसीलदार खरोरा सृजन सोनकर के नेतृत्व में प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल बिठिया में विद्यार्थियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त तहसीलदार सूर्यकांत कुम्भकार, क्षेत्र के पटवारी तथा लोक सेवा केंद्र (सेवा सेतु) के संचालक नवीन साहू ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों से आय प्रमाण पत्र के लिए 53, जाति प्रमाण पत्र के लिए 50 तथा निवास प्रमाण पत्र के लिए 50 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों द्वारा पात्र आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। 02 सितंबर 2026 को सभी पात्र विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र जारी कर उनका वितरण किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला। इन प्रमाण पत्रों से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। शिविर में आसपास के विद्यालयों में अध्ययनरत बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के विशेष शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। इससे शासकीय सेवाओं का लाभ लेने में समय और परेशानी दोनों कम हो रही है।

उम्मीद, डिप्टी सीएम ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग अब पूरी होने की उम्मीद बढ़ गई है। रेलवे जोनल समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने तिल्दा-नेवरा की रेल सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा था। इस मांग को उपमुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए अब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तिल्दा-नेवरा स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के लोगों के लिए यह पहल काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तिल्दा प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल है और आसपास के बड़ी संख्या में गांवों के अलावा बेमेतरा-कबीरधाम जैसे जिलों के यात्रियों के लिए भी यह महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। इसके बावजूद लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनें तिल्दा में नहीं रुकतीं। इससे यात्रियों को रायपुर या बिलासपुर जैसे बड़े स्टेशनों तक जाने के लिए अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ता है। दीपक शर्मा ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष जिन प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी थी, उनमें 12251/12252 वैनगंगा एक्सप्रेस, 12849/12850 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, 15231/15232 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस, 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, 12823/12824 छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस तथा 22647/22648 कोरबा-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस शामिल हैं।

तिल्दा-नेवरा में ट्रेनों के ठहराव की मांग लंबे समय से उठती रही है। ऐसे में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा रेल मंत्री को पत्र लिखे जाने को क्षेत्र के लोग एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में देख रहे हैं।



व्यापारी, विद्यार्थी और मरीजों को मिलेगा लाभ

लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव से तिल्दा-नेवरा सहित आसपास के क्षेत्र के व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और आम यात्रियों को सीधे तौर पर फायदा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में कई यात्रियों को अपनी यात्रा के लिए दूसरे स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विजय शर्मा ने जिस गंभीरता के साथ तिल्दा-नेवरा की इस मांग को लिया है, उससे क्षेत्रवासियों की उम्मीदें बढ़ी हैं। लोगों को भरोसा है कि उपमुख्यमंत्री की पहल से रेलवे मंत्रालय तक तिल्दा की आवाज मजबूती से पहुंचेगी और आने वाले समय में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का रास्ता साफ होगा।

पेज 9 के शेष

रिसदा-सुहेला-हथबंध ...

सुविधा की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि उद्योगों से होने वाले आर्थिक लाभ के मुकाबले प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस जर्जर मार्ग की स्थिति सुधारने के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है और डीएमएफ-सीएसआर मद से प्रभावित गांवों के विकास के दावों का धरातल पर कितना असर दिखाई देता है।

अवैध शराब परिवहन ...

परिवहन संबंधी कोई वैध परमिट या दस्तावेज नहीं मिला। प्रकरण में पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए तलाशी और शराब बरामदगी की पूरी प्रक्रिया की मोबाइल से वीडियोग्राफी कर सीडी के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत की। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के साथ हैश वैल्यू और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 63 के तहत आवश्यक प्रमाणपत्र भी पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक मामले की सुनवाई के दौरान स्वतंत्र पंच गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद न्यायालय ने डिजिटल वीडियोग्राफी का सूक्ष्म अवलोकन किया। फुटेज में आरोपियों को मौके पर शराब के साथ देखे जाने को न्यायालय ने महत्वपूर्ण और अखंडनीय साक्ष्य माना। इसी आधार पर तीनों आरोपियों की दोषसिद्धि हुई। प्रकरण की विवेचना सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने पूरी की। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई को डिजिटल साक्ष्य के प्रभावी उपयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया जा रहा है।

नौकरी के नाम ...

पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान प्रणव ने शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी लगवाने की बात कही और इसके लिए करीब 1.50 लाख रुपए खर्च होने की जानकारी दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नौकरी की उम्मीद में उसने अलग-अलग समय पर प्रणव को कुल 50 हजार रुपए दिए। शिकायत के मुताबिक, नौकरी से संबंधित दस्तावेज भी व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजे गए थे। बाद में नौकरी नहीं लगने पर जब उसने रकम वापस मांगी तो कथित तौर पर लगातार आश्वासन मिलता रहा, लेकिन राशि वापस नहीं की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस अब बैंक लेन-देन, व्हाट्सऐप चैट, भेजे गए दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संजना नायक को बनाया गया है।

फर्जी ट्रांसफर और नियुक्ति पत्र के बाद तीसरा मामलाः गौरतलब है कि आरएमए करण देवांगन के कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में कृष्णा अवस्थी और प्रणव अवस्थी समेत छह आरोपी गिरफ्तार होकर न्यायिक हिरासत में हैं। इसके बाद कसडोल में बीज एवं कृषि विकास निगम के नाम पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 2 लाख रुपए लेने का आरोप भी सामने आया है। इस मामले में निगम के अधिकारी की ओर से भी पुलिस में शिकायत की गई है। अब प्रणव के खिलाफ शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए लेने की एफआईआर दर्ज होने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

जन्माष्टमी आज,...

जन्मोत्सव का होगा। घड़ी की सुई जैसे ही रात 12 बजे पर पहुंचेगी, मंदिर परिसर नद के आनंद भयो 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठेंगे। इसके बाद महाआरती होगी और श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

झूलेलाल मंदिर परिसर में भी धार्मिक आयोजनः झूलेलाल मंदिर परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।यह मटकी फोड़ का आयोजन किया गया है वहीं पूज्य सिंधी पंचायत हॉल में कृष्ण भक्त तरुण बत्रा, आयुष कोटवानी, तरुण नेभवानी और विशाल लखवानी के नेतृत्व में विशेष भजन जैमिंग का आयोजन होगा। इसमें मुंबई से आई संगीत मंडली सलीव बाय सूरज रंधावा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

- गोविंदा आला रे पर निकलेगी टोलियां, फूटेंगी मटकियांः जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। शाम होते ही ग्वालों की टोलियां 'गोविंदा आला रे'के भजनों पर नाचते-गाते शहर में भ्रमण करेंगी और विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़कर जन्माष्टमी के उल्लास को और बढ़ाएंगी। देर रात तक शहर में भक्ति, संगीत और उत्सव का माहौल बना रहेगा कई स्थनों पर नन्हे कान्हाओ की प्रतियोगिता ,फेसी ड्रेस का आयोजन किया गया है, गुरुवार भी की मताए बच्चो को कान्हा की ड्रेस में लेकर बाजार पहुंची।



न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.कं. .....
अ-6 वर्ष 2025-26
ग्राम - ओटेबंद प.ह.नं. 46

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनाधर यादव पिता तीरथराम यादव जाति रावत निवासी संगमनगर बालको वार्ड नं. 19 दोदरो, कोरबा तहसील व जिला कोरबा के द्वारा ग्राम ओटेबंद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 521 रकबा 0.4130 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में मोहन एवं करन पिता गंगादयाल जाति ठेठवार के नाम पर शामिल सरीक दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार मोहन पिता गंगादयाल की मृत्यु दिनांक 11/01/2015 को होने के कारण खातेदार (मृतक) के नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के तहत फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। तथा दिनांक 05/10/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 05/10/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

नायब तहसीलदार निपनिया

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202608210100024 अ/59 वर्ष 2025-2026 ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15
// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जिला आबकारी अधिकारी, बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. का पत्र क्रमांक/ आब./ स्था./ 2026/ बलौदाबाजार द्वारा ग्राम- बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार स्थित नजूल भूमि शीट नं. 05 प्लाट नं. 10/1 क्षेत्रफल लगभग 37015 वर्गफीट को नवीन आबकारी नियंत्रण कक्ष के निर्माण हेतु भूमि को आबंटित करने की मांग किया किया गया है। आवेदन पत्र के साथ नजरी नक्शा, मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/09/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बलौदाबाजार



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी

की हार्दिक शुभकमानाएं एवं जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का हार्दिक स्वागत.. वंदन.. अभिनंदन...





श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...

माहेश्वरी इलेक्ट्रिकल

सदर बाजार, भाटापारा

प्रो. आनंद चांडक

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...

प्रवेश प्रारंभ

(एनसीव्हीटी / डीजीईटी नई दिल्ली से मान्यता)

वर्तिका प्राई. आई.टी.आई.

COPA
(कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिण असिस्टेंट)

STENOGRAPHER (HINDI)
स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटियल असिस्टेंट

आईसेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र

पाठ्यक्रम विवरण

Tally ERP.9 With GST POWER OF SIMPLICITY | Microsoft Office | PGDCA | DCA

प्रवेश हेतु संपर्क करें

प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक शंकर वार्ड, सिनेमा लाईन, भाटापारा (छ.ग.)
मो.- 70004-08379

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...



गुरुदेव स्टोर्स

सदर बाजार, भाटापारा (छ.ग.)
मो. : 98271-96820, 62634-02664

अधिकृत विक्रेता - गुरूकुल इंग्लिस स्कूल, अम्बुजा विद्यापीठ, गवर्मेंट मॉडल स्कूल टिकुलिया, जेसीस कान्वेंट, सेन्टमेरीज इंग्लिस स्कूल, लायंस कानवेट एवं सभी इंग्लिस मिडियम एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों की पुस्तकें एवं सभी प्रकार की कॉपिया, प्रिंटेड रजिस्टर व स्टेशनरी सामग्री प्राप्त करें। अधिकृत डीलर - कंगारू लि., कोरस प्रा. लि., नटराज अप्सरा पेन्सील, रोरीटो पेन्स, लक्जर प्रा. लि हाउजर पेन्स, एडजेल पेन्स प्रा. लि. Wellcare Sanitizers

संबंधित प्रतिष्ठान- मीरा वेयर हाऊस, मंजू वेयर हाऊस
सुरजपुरा रोड, भाटापारा (छ.ग.), किराये से उपलब्ध।
संपर्क करें 9827198820





श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तजनों का
हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...

ओम श्री इंडस्ट्रीज

खोखली रोड, भाटापारा

प्रो. प्रेम थारानी, श्री इंदरचंद थारानी
मो. 9827162641



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत...

आस्था नर्सिंग होम

पटपर रोड, भाटापारा



आपातकालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. हासानंद सहेता
हड्डी रोग विशेषज्ञ
मो. 98271-10433

संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392



खबर संक्षेप



आलेसुर स्कूल में हर्षोल्लास से मना कृष्ण जन्माष्टमी

खरोरा। शासकीय प्राथमिक शाला आलेसुर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बाल शाखाओं द्वारा उत्साहपूर्वक मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का खूब मनोरंजन किया। विद्यालय की ओर से नेवता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरी, जलेबी, केले सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र पचरी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर प्राथमिक शाला आलेसुर के शिक्षक हेमलाल, परसराम देवांगन, सुबोध कुर्रे, महेश्वर यादव एवं जितेंद्र नेताम, प्राथमिक शाला मधईपुर के प्रधान पाठक गणेश राम देवांगन, प्राथमिक शाला कुम्हारी के प्रधान पाठक मनी राम वर्मा एवं शिक्षक संजय कुमार सायतोड़े तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार। प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन धनसाय पिता गोटीलाल, निवासी ग्राम चरौदा क तहसील कसडोल की नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

जल संरक्षण से संवर रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 168 जल संरचनाओं से सहेजा जाएगा 110 करोड़ लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब धरातल पर सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। विकसित भारत-जी राम जी योजना के माध्यम से तालाबों के गहरीकरण एवं नए तालाबों के निर्माण से बारिश की बूंदों को सहेजने का कार्य बड़े स्तर पर किया जा रहा है। जिले में स्वीकृत 168 जल संरचनाओं के माध्यम से 110.04 करोड़ लीटर वर्षा जल का संधारण किया जा रहा है। इससे लगभग 1092 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होने की संभावना है। जिले की तीनों जनपद पंचायतों में जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बरमकेला में 73, बिलाईगढ़ में 36 तथा सारंगढ़ में 59 तालाब गहरीकरण एवं नए तालाब निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं और बारिश के बाद कई तालाब पानी से लबालब भर गए हैं। इससे ग्रामीणों में खुशी है और आगामी गर्मी में पानी की समस्या कम होने की उम्मीद बढ़ी है।



निस्तारी सुविधा में हुआ सुधार

तालाबों में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से ग्रामीणों को निस्तारी, नहाने-धोने तथा मवेशियों के लिए पानी की सुविधा में राहत मिल रही है। आने वाले समय में ये जल संरचनाएं गांवों में जल संकट कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कलेक्टर पदमिनी भोई साहू के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य निरंतर आगे बढ़ाए जा रहे हैं। बारिश की हर बूंद को सहेजने की यह पहल सिंचाई, भू-जल संवर्धन, रोजगार और ग्रामीण आजीविका को एक साथ मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

खेती के साथ भू-जल स्तर को भी मिलेगा सहारा

तालाबों में वर्षा जल के संचयन से किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल स्रोत उपलब्ध होगा। वहीं जल संरचनाओं में पानी के भंडारण से भू-जल स्तर के संवर्धन में भी मदद मिलेगी। इससे कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीणों की आजीविका मजबूत होने की संभावना है। "मोर गांव-मोर पानी" महाअभियान के तहत ग्राम सभाओं की सहभागिता से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्यों का चयन किया गया। तालाब निर्माण एवं गहरीकरण के दौरान ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मिला तथा मजदूरी का भुगतान डिजिटल माध्यम से सीधे बैंक खातों में किया गया। इस प्रकार जल संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली।

सिंधी समाज ने भक्ति और उत्साह से मनाया



भाटापारा। किसी भी धर्म के त्योहार और संस्कृति उनकी पहचान होते हैं, त्योहार उत्साह, उमंग व खुशियों का ही स्वरूप है। लगभग सभी धर्मों व समाज के कुछ विशेष त्योहार व पर्व होते हैं, जिसे वह उत्साह व प्रेम से मनाते हैं। ऐसा ही सिंधी समाज का पर्व है थदड़ी। थदड़ी शब्द का सिंधी भाषा में अर्थ होता है ठंडा, शीतल, रक्षाबंधन के आठवें दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार में सिंधी समाज के घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता, महिलाएं एक दिन पहले घरों में बनाया गया ठंडा खाना जिसमें लोला, कूप्पर, मीठी व नमकीन कोकी, तारवां, बेसन की मिस्सी व अन्य पारंपरिक व्यंजन एवं सूखी सब्जियां भिंडी, करेला, आलू, भजिया सहित कई प्रकार के व्यंजन शामिल है बना के रख लेते हैं व रात्रि को अग्नि (चूल्हे) की पूजा कर ठंडा करती है। थदडी के दिन समाज की महिलाएं सुबह नहाकर तैयार होकर परिवार सहित इक्कठे होकर जगत जननी मां शीतला के मंदिर जाकर विधि विधान से माता रानी की पूजा कर घर परिवार में शांती, सुख समृद्धि की प्रार्थना मंगल गीत ठार माता ठार पहिंजे बचणन खे ठार (अर्थ- हे माता हम बच्चों को शांती व शीतलता प्रदान कर) गाकर आशिर्वाद मांगती हैं, पर्व की एक महत्वपूर्ण परंपरा पूजा के के बाद बहन-बेटी के ससुराल में ठंडा भोजन भेजने के पश्चात अपने-अपने घरों में पूरे परिवार मिलकर ठंडा भोजन करती है।

ग्राम खैरा में 15 लाख के सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटापारा

विधायक इन्द्र साव ने ग्राम पंचायत खैरा में 15 लाख की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गांवों के चहुंमुखी विकास से ही क्षेत्र की वास्तविक प्रगति संभव है। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से ग्रामीणों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से स्थाई रूप से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने लंबे समय से लंबित इस मांग को पूरा करने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच चुन्नी मुकेश साहू, उपसरपंच हालदार ध्रुव,पंचगण - बिसौनी ध्रुव, कुमारी ध्रुव, नीतू गोस्वामीजी, अजय पटेल, विरज भाई पटेल, राधे यादव, संतोष मानिकपुरी, प्रीति पटेल, हेमिन साहू, शत्रुहन यदु, सत्रोहन यादव, जनक राम साहू, बलराम साहू, छेदी सेन, पीला सेन, मनहरण लाल साहू, गंगू पटेल, राम पटेल, गोत्रीय पटेल, गणेश ध्रुव, तरुण साहू खूबी साहू, डूबी साहू, हिमांशु वर्मा, कमलेश वर्मा, डोमन वर्मा, भूतेश्वर सेन, विजय यादव, भोला यादव, भारी संख्या में माताएं-बहनें और युवा साथी उपस्थित थे।



स्कूल में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

लवन। लवन नगर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन में धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा राधा-कृष्ण के साथ बनकर आये बाल लीलाओ का प्रदर्शन किया। साथ ही भैया- बहनों द्वारा मटका फोड़ का कार्यक्रम किया गया। बहनों द्वारा सामुहि डाड़िया नृत्य की प्रस्तुती की गई। इस भवसर में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. नरसिंग वर्मा, सचिव गिरधारी वर्मा, उपाध्यक्षा चुडामणी सिंघम, कोषाध्यक्ष पारस तामकार, सहसचिव रोशन कुमार मानिकपुरी, सदस्य चन्द्रभुषण साहू, संस्थान प्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, विजय यदु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने कहा भैया-बहनों में पढ़ाई के साथ साथ, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौध्दिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेते रहना चाहिए जिससे भैया-बहनो का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार वर्मा सहित समस्त दीदीयाँ उपस्थित रहे।







खरोरा पुलिस ने 23 पर की कार्रवाई

खरोरा। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से खरोरा पुलिस ने असामाजिक व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है। एसएसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के आदेश और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने क्षेत्र के 23 चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका वाले 23 व्यक्तियों को चिन्हित कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 129 के तहत सदाचार बनाए रखने हेतु बाउंड ओवर कराया गया है। पुलिस ने सभी चिन्हित व्यक्तियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, शराब पीकर उपद्रव, विवाद, मारपीट या सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने पर सीधे कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



